## 40 किसानों ने लिया गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण

**शाहपुरा, (निसं)।** विश्व विख्यात पवित्र तीर्थ स्थल श्री विभीषण जी की नगरी कैथून से तीन किलोमीटर आगे ,सांगोद सड़क मार्ग पर श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र कोटा (राज) पर पिछले 27 माह से निरंतर चले रहे 1 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शाहपुरा जिले के 13 गांव के 40 किसानों ने गौ कृषि आधारित प्रशिक्षण लिया।

पर्यावरण गतिविधि प्रांत जन संवाद प्रमुख परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि अपना संस्थान भीलवाड़ा द्वारा किसानों को जैविक कृषि आधारित प्रशिक्षण के लिए गोयल संस्थान कोटा ले जाया जा रहा है जहां उन्हें गौ कृषि आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शाहपुरा जिले के गांवों में जैविक आधारित कृषि को बढ़ावा दिया जाएगा। दल प्रभारी परमेश्वर कुमावत ने बताया कि भारत का पहला केन्द्र जहाँ सम्पूर्ण प्रशिक्षण सीधे खेत पर दिया जाता है, हर अनुसन्धान का जीवंत दृश्य खेत एवं लैब पर दिखाया जाता है, हर प्रयोग का प्रेक्टिकल करवाया जाता है । यहाँ जैविक कृषि के संबंध मे सम्पूर्ण व्यवस्था लैब और फिल्ड है । वहां हर प्रयोग को करने वाले सफल किसानों से रूबरू करवाया जाता है।

# 36 लाख रुपये की जे.सी. बी. को 36 घंटे में टोंक से बरामद किया

### पुलिस को 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर मिली सफलता

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर के आदर्शनगर पुलिस थाना क्षेत्र से करीब 36 घंटे पहले चोरी हुई 36 लाख रूपए की जेसीबी को अजमेर जिला पुलिस ने टोंक जिले से बरामद कर लिया है। पुलिस को करीब 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर यह सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक, देवेन्द्र कुमार बिश्नोई के दिशा निर्देशन में वाहन चोरी की रोकथाम, धरपकड़ व चोरी की गई

- **प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान और अज्ञात चोरों की तलाश जारी है**



अजमेर के आदर्श नगर पुलिस थाना क्षेत्र से चोरी हुई की जेसीबी को टोंक जिले से बरामद किया।

जेसीबी मशीन की तलाश के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं मुख्यालय डॉ. दुर्ग सिंह व वृताधिकारी वृत दक्षिण नगर अजमेर ओमप्रकाश के निर्देशन में थानाधिकारी आदर्श नगर अजमेर आई.पी.एस. पुलिस अधीक्षक, दिनेश कुमावत पुलिस निरीक्षक के द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। टोल नाका गेगल, किशनगढ़, पीपलाज, बान्दनवाड़ा सहित टोल नाकों पर सीसीटीवी फुटेज देखे गये। किशनगढ़, दूदू, जयपुर, दौसा, लालसोट, टोंक, कोटपूतली, बहरोड, गुड़गांव, सोहाना व तावडू, नूंह, मेवात, हरियाणा आदि स्थानों पर तलाश की गयी।

इसी दौरान मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि एक जेसीबी नंबर आरजे 01-2123 सरकावास चौराहा, थाना घाड जिला टोंक में खड़ी है, जिस पर पुलिस सरकावास चौराहा पहुंची। जहां पर जेसीबी मशीन सुनसान जगह पर खेतों में जाने वाले रास्ते पर एनएच 12 के पास सरहद सरकावास थाना घाड जिला टोंक में खड़ी मिली। जिसके ईंजन व चैचिस नम्बर मिलान किये गये। उक्त जेसीबी को जप्त कर थाना लेकर आये।

## कलेक्टर व मेयर को महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** नगर निगम अजमेर द्वारा महावीर सर्किल स्थित चार केबिनों को मंगलवार को नगर निगम द्वारा हटा दिये जाने के संबंध में केबिन संचालकों और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों महेन्द्र बंसल और रमेश लालवानी के नेतृत्व में नगर निगम के आयुक्त देशल दान चारण और नगर निगम की महापौर ब्रजलता हाडा को ज्ञापन सौंपकर उचित स्थान देने की मांग की।

बंसल और लालवानी ने ज्ञापन में बताया कि मंगलवार को निगम द्वारा चारों केबिनों को हटा दिया गया है। चारो वर्णित केबिनों के संचालको को उपरोक्त वर्णित केबिन के स्थान पर अन्य उचित स्थान पर नगर निगम के द्वारा अलाटमेन्ट की मांग की गई। जिला प्रशासन से चारों केबिन संचालको को कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित, मेयर ब्रजलता हाडा और आयुक्त देसल दाल से मांग की है कि उचित स्थान उपलब्ध करवाया कराए। ज्ञापन देने वालों में महेन्द्र बंसल, रमेश लालवानी, लेखराज बच्चानी, राजू भाई, किशोर टेकवानी, हरीश बच्चानी, राजेन्द, चितलेश बंसल, विजय यादव,रणवीर सैनी, डवोकेट लीलाराम सीरनानी,राजेन्द्र कुमार मूरजानी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### जैन चित्तौड़ प्रांत की कार्यकारिणी




**अजमेर, (कासं)।** दिव्यांगों के लिए काम करने वाली संस्था सक्षम की चित्तौड़ प्रांत कार्यकारिणी में अजमेर के एसबीआई के रिटायर मुख्य प्रबंधक सज्जनराज जैन को शामिल किया गया है। भीलवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग यह जिम्मेदारी जैन को दी गई। यह सक्षम संस्था के जिलाध्यक्ष भी हैं। अजमेर जिले के विभिन्न स्थानो पर समग्र संस्था का विस्तार करने का दायत्व जैन को सौपा गया है। जैन की नियुक्ती पर अजमेर समग्र संस्था के पदाधिकारियो ने खुशी जाहिर की है।

### नाले में युवक का शव मिला

**अजमेर, (कासं)।** मार्टिण्डल ब्रिज के नीचे नाले में मंगलवार को युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची अलवर गेट थाना पुलिस ने बॉडी को रस्सी से बांधकर नाले से बाहर निकलवाया। युवक की जेब से मिले मोबाइल से उसकी पहचान हुई। बॉडी को अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द करेगी। साथ ही युवक की मौत कैसे हुई इसे लेकर जांच में जुटी है। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार को थाने पर मार्टिण्डल ब्रिज के नीचे नाले में युवक की बॉडी मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बॉडी को रस्सी से बांधकर नाले से बाहर निकलवाया। इस दौरान युवक के जेब में एक मोबाइल बरामद हुआ। जिसमें युवक के परिजन लगातार उसे कॉल कर रहे थे। मोबाइल पर बात करने पर युवक की पहचान शक्ति नगर आम का तालाब निवासी श्याम पुत्र राजवीर सिंह राठौर के रुप में हुई। मृतक मजदूरी करता था। परिवार के अनुसार कल ही वह मजदूरी के लिए निकला था। इसके बाद से वह घर नहीं पहुंचा था।

### बारिश का पानी भरने से परेशान

**मसूदा, (निसं)।** कस्बे हाई सेकंडरी विद्यालय के पास मुख्य सड़क पर भरे पानी के कारण विद्यालय के विद्यार्थियों को व आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित नाला जाम होने से बारिश का पानी मुख्य सड़क पर भर गया मार्ग पर पानी भरने के चलते विद्यालय में आने वाले विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इस दौरान विद्यालय आने वाले छात्रों को सड़क पर भारी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है । मुख्य सड़क पर बारिश का पानी भर जाता है ।बारिश का पानी मुख्य सड़क पर भरने से आमजन व विद्यालय में आने जाने वाले विद्यार्थी को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में भी सड़क पर पानी भरने के कारण पूर्व प्रधान नारायण सिंह रावत ने सड़क निर्माण के ठेकेदार व उच्च अधिकारी से वार्ता कर सड़क पर बरडा आदि डलवाकर आवागमन सुगम बनाया गया था लेकिन एक बार पुन: बरसात का पानी भरने के कारण फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### दो देहदान हेतु संकल्प पत्र प्राप्त हुए

**अजमेर, (कासं)।** महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र द्वारा आम जन के मध्य अंगदान-देहदान-नेत्रदान के समर्पण हेतु अनेक कार्य किए जाते रहे हैं। महावीर इंटरनेशनल अजमेर की सदस्या रतन तवर की प्रेरणा से दो देहदान के संकल्प पत्र प्राप्त हुये हैं। रामगंज अजमेर निवासी सुषमा दिवाकर पत्नी आनंद किशोर व संक्षव्य दिवाकर पुत्र आनंद किशोर द्वारा देहदान का संकल्प पत्र 3 सितंबर 2024 को भर कर महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र को प्रस्तुत किया। सेवा का यह जज्बा दर्शाता है कि अजमेर शहर में अंगदान एवं देहदान हेतु प्रेरित करने की जो मुहिम महावीर इंटरनेशनल चलाई गई है, वह फलीभूत हो रही है। सचिव प्रभात सेठी के अनुसार अब तक 88 देहदान के घोषणा पत्र प्राप्त हो चुके हैं।

### अभिनेता कापड़िया ने जाहिरी दी

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा साहब की दागाह में मंगलवार को बॉलीवुड अभिनेता सूफियान कापड़िया ने जाहिरी दी। उन्होंने यहां सूफी परंपरा के अनुरूप ख्वाजा साहब की मजार पर मखमली व फूलों की चादर पेश कर अपनी आने वाली फिल्म व गाने की सफलता के लिए दुआ मांगी। खादिम जहूर चिश्ती ने उन्हें जियारत कराई और दस्तारबंदी कर दरगाह का तबर्रुक भेंट किया। दरगाह जियारत के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए बॉलीवुड अभिनेता सूफियान कापड़िया बताया कि वे जयपुर फिल्म की शूटिंग के लिए आए हुए थे। जयपुर से अजमेर करीब होने चलते ख्वाजा साहब की दरगाह जियारत के लिए।

### हवन यज्ञ आज

**अजमेर, (कासं)।** एक दिवसीय हवन यज्ञ कथा का आयोजन वाचक पंडित दिनेश गुरूजी के नेतृत्व में आज बुधवार को आयोजित किया जाएगा। हवन यज्ञ में महिला-पुरूष जोड़े से आहूति प्रदान करेंगे। कथा वाचक पंडित दिनेश गुरु के नेतृत्व में हवन यज्ञ का आयोजन होगा। पंडित दिनेश गुरु ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं को परिवार में प्रतिदिन हवन यज्ञ करने की सीख दी। श्रीराम सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी ने बताया कि हवन यज्ञ में पंडित दिनेश गुरु द्वारा निरन्तर श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन करके सनातन धर्म का प्रचार एवं प्रसार निरन्तर किया जा रहा है।

### कायड गौ शाला मे एम्बुलेस भेंट

**अजमेर, (कासं)।** डी डब्ल्यु पी एस स्कूल की ओर से आज कायड गांव मे संचालित वंदे टीम कायड गौ सेवा समिति को एक एम्बुलेंस भेट की है। यह एम्बुलेंस बीमार व रोड एक्सीडेंट मे घायल गायो को उपचार के लिए लाने व ले जाने का कार्य करेगी। कायड गांव के लोग श्रवण गौ शाला मे निस्वार्थ भाव से बीमार गायों की सेवा कर पुनित कार्य कर रहे है।

# तंबाकू मुक्त अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षित रोजगार केंद्र प्रबंधक समिति एव जिला प्रशासन शाहपुरा के सयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय अधिकारियों का आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने जिला स्तरीय अधिकारियों को तंबाकू मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जिले में कोटपा 2003 कानून का प्रभावी क्रियान्वयन करने और जिले की सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के निर्देश दिए।

- **जिले की सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने के निर्देश दिए**

जिला कलेक्टर शेखावत ने कहा कि जिले में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर "यह परिसर भवन तंबाकू मुक्त है" का साइनेज लगाया जाए। इसी तरह, जिले की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर "तंबाकू मुक्त आंगनबाड़ी केंद्र" का साइनेज लगाया जाए और आस-पास कोई भी तंबाकू उत्पादों की दुकान न हो। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में एक बॉक्स रखने के निर्देश दिए, जिस पर लिखा हो "तंबाकू उत्पाद डिब्बे में डालें"।

जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में आज से ही प्रवेश द्वार पर एक बॉक्स रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिस पर लिखा हो "तंबाकू उत्पाद डिब्बे में डालें और फिर कार्यालय में प्रवेश करें।"

जिला कलेक्टर ने जिले में लागू की जा रही तंबाकू वेंडर लाइसेंस प्रणाली के तहत नगरपालिका जहाजपुर को भी नगरपालिका अधिनियम-2009 के तहत वेंडर लाइसेंस प्रणाली लागू करवाने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान की गाइडलाइन एवं कोटपा-2003 की शत-प्रतिशत पालना की जानी आवश्यक है। एस. आर. के. पी. एस. के राज्य समन्वयक हिरेन्द्र सेवदा ने कोटपा-2003 की धारा 4, 4, 5, 6, 6 और 7 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही ई-सिगरेट और हुक्का बार के बारे में भी जानकारी दी गई।

## स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अजमेर, (कासं)।** स्वच्छता अभियान के तहत लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा आदर्श नगर स्थित अंध विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आभा गांधी ने बताया कि प्रांतीय कार्यक्रम स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत के अंर्तगत छात्र छात्राओं को स्वच्छता की जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर के साथ साथ अपने कार्यस्थल को भी साफ सुथरा रखे। इससे वातावरण खुशनुमा होने के साथ साथ स्वास्थ्य भी अच्छा रहता हैं।

इस अवसर पर लायन मधु लखोटिया, लायन रीना बोहरा, लायन सुनील शर्मा, लायन राजेंद्र गांधी के सहयोग से 8 बड़े डस्टबिन विद्यालय प्रशासन को प्रदान किए। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन राजेश बोहरा, सचिव लायन मोहन गुप्ता, लायन विनय गुप्ता, लायन राजेंद्र गांधी, लायन सरिता ऐरन, लायन आभा गांधी, लायन नरेश ऐरन सहित शाला स्टाफ मौजूद था।

# पिता की शव यात्रा के दौरान पुत्र की मौत

**बिजयनगर, (निसं)।** समीप के जालिया द्वितीय गांव निवासी सिखवाल समाज के समाजसेवी राधाकृष्ण नागला पुत्र बिरदीचंद नागला का आकस्मिक निधन सोमवार शाम को हो गया। मंगलवार को जालिया द्वितीय के खारी नदी पर स्थित मोक्षधाम पर दाह संस्कार के लिए उनकी अंतिम यात्रा घर से निकली।

पिता राधाकृष्ण नागला की इस अंतिम यात्रा में समाजजनों एवं ग्रामवासियों के साथ उनके पुत्र महावीर प्रसाद नागला भी अपने पिता की अर्थी को कंधा दे रहे थे, जिन्हें यह आभास भी नहीं हुआ होगा कि मैं अपने पिता की अर्थी को कंधा तो दे रहा हूं, लेकिन मुखाग्नि नहीं दे संकुगा। जैसे ही अंतिम यात्रा मोक्षधाम के पास पहुंची, पिताजी को अंतिम वासा देने के पश्चात अर्थी कंधों पर ले रहे पिताजी के निधन से

- **पिता की अर्थी को पुत्र कंधा दे रहा था तो अचानक तबियत खराब हो गई थी**

शोक संतप्त पुत्र महावीर प्रसाद अचानक ही चक्कर खा कर गिर पड़े।

पिता राधाकृष्ण नागला की अंतिम यात्रा में शामिल समाज बंधुओं ने तुरंत ही महावीर प्रसाद को जालिया-2 के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार देकर उन्हें तुरंत ही बिजयनगर रेफर किया गया। डॉक्टर के अथक प्रयासों के बावजूद महावीर प्रसाद को नहीं बचा पाये। हृदय विदारक घटना की जानकारी पर बिजयनगर जालिया सहित आसपास के सभी गांवों में शौक की लहर फैल गई। लोग स्तब्ध रह गये।

## दादीजी का भव्य मंगलपाठ व महाआरती सम्पन्न

**अजमेर, (कासं)।** श्री दादी परिवार महिला मण्डल अजमेर द्वारा परम पूजनीय अग्रकुल शिरोमणि श्रीश्री 1008 श्री झुझुंनू वाली दादीजी की असीम अनुकम्पा से भादवा बदी अमावस पर मंगलवार, दिनांक 2024 को दोपहर 1.15 बजे जनकपुरी गंज में दादीजी के मंगलपाठ का आयोजन किया गया।

लेखा गर्ग ने बताया कि सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध मंगलपाठ गायिका मुम्बई से पधारी डिम्पल अग्रवाल द्वारा जनकपुरी में भव्य मंगलपाठ किया गया। जिसमें अजमेर शहर के दादी भक्त बड़ी संख्या में पधारें। इस मंगलपाठ का विशेष आकर्षण सवामन मेंहदी दादीजी को अर्पण कि गई एवं 121 आसनों पर बैठी महिलाओं एवं आये हुये सभी भक्तों द्वारा सामूहिक मंगल पाठ किया गया।

पाठ के दौरान मधुर भजनों का आयोजन किया गया जिसमें दादी के भजनों पर सभी श्रद्धालु भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। मुख्यत: भजन माँ गोरा थाने पूजू हूँ, हाथ जोड़ वर मांगू हूँ, मोटी सेठानी म्हारो बेडो पार लगानो पडसी रे, डोली चढ़कर दादीजी ससुराल चली, हीरा मोती से नजर उतार दूँ, मेहंदी रची म्हारे हाथा में, लाया थारी चूदड़ी माँ करजो स्वीकार इस भजन पर मण्डल की समस्त महिलाओं द्वारा दादीजी को चूंदड़ी ओढ़ायी गई। सांयकाल 151 दीपकों से दादीजी की अलौकिक आरती की गई साथ ही दादीजी का नैनाभिराम श्रृंगार किया गया जो देखते ही बनता था। उत्सव में आने वाली सभी महिलाओं को दादीजी के आशीर्वाद स्वरूप मेंहदी का वितरण किया गया।

- **इस मंगलपाठ का विशेष आकर्षण सवामन मेंहदी दादीजी को अर्पण कि गई**

# ए.टी.एम. लूटकर फरारी काट रहे मेव गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** मार्बल सीटी अस्पताल के पास लगे एचडीएफसी बैंक के एटीएम से 4 लाख 73 हजार की नगदी लूटकर फरारी काट रहे तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाशों में नूह हरियाणा निवासी जान मोहम्मद उर्फ फिरोज (46) पुत्र सिरदार, गांव उदाका कांमा, डीग निवासी साजिद मेव (23) पुत्र ईशा व सिरोली कला, तिजारा अलवर निवासी राशिद उर्फ यूसुफ (31) पुत्र अली मोहम्मद शामिल है। आरोपियों के के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा राजस्थान में एटीएम लूट, हत्या, अवैध हथियार सप्लाई के कई संगीन मामले दर्ज हैं।

एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि गत 14 अगस्त को अज्ञात बदमाश मार्बल सीटी हॉस्पिटल के पास लगे एचडीएफसी बैंक के एटीएम को गैस



एटीएम से 4 लाख 73 हजार की नगदी लूटकर फरारी काट रहे तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कटर से काटकर नगदी लूटकर चम्पत हो गये थे। बदमाशों को पकड़ने के लिये विशेष टीम का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

पुलिस उपाधीक्षक सीटी महिपाल चौधरी के सुपरवीजन एवं थाना प्रभारी

- **गैंग के सदस्यों के खिलाफ दिल्ली, हरियाणा में कई मामले दर्ज**

सुरेश सोनी के नेतृत्व में गठित टीम में हेड कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, आशीष गहलोत, कांस्टेबल अभय सिंह, करतार, कालूराम, राजाराम को शामिल किया गया।

विशेष टीम ने हर पहलू को जांच के दायरे में लेकर अपराधियों को चिन्हित कर लिया। इस बीच मेव गैंग पूरी तरह संदेह के दायरे में आ गई और आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में इन्होंने कई संगीन वारदातो में संलिप्तता स्वीकार कर सब कुछ उगल दिया। इनसे लूटी गये पौने चार लाख रूपये बरामद करने के साथ अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# कलेक्टर ने मौसमी बीमारियो की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को दिये निर्देश

### आवश्यक सेवाओं एवं विभागों की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला कलक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को ज़िला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर शेखावत ने शिक्षा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, कोऑपरेटिव विभाग, राजीविका सहित अन्य विभागों के कार्यों और लक्ष्यों की समीक्षा की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर गत बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना के बारे में चर्चा की गई। बैठक में बिजली, पेयजल, अवैध खनन, पशु टीकाकरण, मनरेगा, पौधारोपण, एमजेएसए, अन्नपूर्णा रसोई योजना, सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



बैठक में जिला अधिकारियों को दिशा निर्देश देते जिला कलेक्टर।

जिला कलक्टर शेखावत ने मानसून सीजन को दृष्टिगत रखते हुए मलेरिया, डेंगू, स्वाईन फ्लू, स्क्रब टाइफस, चिकनगुनिया जैसी वैक्टर जनित बीमारियों का ट्रांसमिशन सीजन होने से इन बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग को विशेषतौर पर अलर्ट रहने के निर्देश दिए। लोगों को मौसमी बीमारियों बचाव के लिए जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करवाने के निर्देश दिए। डेंगू एवं मलेरिया भी प्राय: इसी मौसम में तेजी से फैलता है, इसी को ध्यान में रखते हुए मलेरिया एवं डेंगू के फैलाव को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय, बचाव के तरीके एवं उपचार के संबंध में व्यापक रूप से जन जागरूकता की जाएं। शेखावत ने सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरणों को तय समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने पोर्टल पर प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर दिए गए निर्देशों की शीघ्र पालना सुनिश्चित की जाएं। बैठक के दौरान फुलियाकला एसडीएम राजकेश मीणा ,शाहपुरा एसडीएम निरमा विश्नोई नगर परिषद कमिश्नर रामकिशोर सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दो मोटरसाइकिल भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

**मसूदा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम मानपुरा के पास दो मोटरसाइकिलो में भिड़त होने से महावीर की मौत होने से मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा। मसूदा उपखंड के ग्राम मानपुरा के पास मोटरसाइकिल के किसी के चपेट में आ जाने से एक युवक की मौत हो गई एवं एक युवक गम्भीररूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम गोरडा निवासी श्रवण ने रिपोर्ट में बताया की उसका भतीजा महावीर एवं देशराज सोमवार रात्रि नौ दस बजे के करीब मसूदा में स्थित मिठाई की दुकान बंद कर अपने गांव जा रहे थे। इस दौरान ग्राम मानपुरा के निकट सामने से बाइक चालक तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक मोटर साइकिल लेकर आया एवं मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी। जिससे महावीर एवं देवराज गम्भीररूप घायल हो गए थे। मौके से गुजर रहे राहगीरो ने दोनों घायलों को विधायक कोष से मिली एम्बूलेस की मदद से उपचार के लिए मसूदा चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने महावीर को मृत घोषित कर दिया। साथ ही देवराज का प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत नाजुक होने से उसे उच्च संस्थान रेफर किया गया। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल जसराज मौके पर पहुंचे।

# कलक्टर ने अधिकारियों के साथ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

### शहर में आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के दिए निर्देश

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने बैठक में नगर परिषद आयुक्त को पोस्टर बैनर लगाकर शहर का सौंदर्य खराब करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए साथ ही शहर की आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करने और जो लोग आदतन अपने पालतू पशुओं को शहर में खुला छोड़ते है, उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में संपर्क पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

**मच्छर जनित बीमारियों मलेरिया, डेंगू के प्रभावी रोकथाम के निर्देश:-** जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि बारिश के इस मौसम में में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। इसके लिए उन्होंने सीएमएचओ डॉ सीपी गोस्वामी को मच्छरों के फैलाव को रोकने और बीमारियों की रोकथाम के लिए अभियान स्तर पर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सीएमएचओ और नगर परिषद कमिश्नर को नाले-नालियों की सफाई, गन्दे पानी के स्त्रोतों आदि में एमएलओ डालना, फॉगिंग करवाना, प्रचार-प्रसार करना, सड़क पर बने गड्ढों को भरना आदि के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने आमजन से बरसात को देखते हुए में घरों में फ्रीज की ट्रे, कूलर, मटकों, गमलों व रद्दी टायरों में पानी आदि जहां लार्वा पनपता है की नियमित सफाई की अपील की।

**झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई:-** उन्होंने सीएमएचओ को झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाने और इनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान हेल्थ कार्ड के वितरण की भी जानकारी ली। सीएमएचओ डॉ गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में लगभग 92 प्रतिशत लाभार्थियों को आयुष्मान हेल्थ कार्ड का वितरण कर दिया गया हैं।

**आवारा पशुओं की समस्या के निस्तारण के लिए आयुक्त को दिए निर्देश:-** जिला कलक्टर मेहता ने शहर में आवारा पशुओं से संभावित दुर्घटनाओं का रोकने के लिए नगर परिषद कमिश्नर हेमाराम चौधरी को गौशालाओं तथा नंदीशालाओं का सहयोग लेकर शहर की आवारा पशुओं की समस्या के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही इसके लिए अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सख्त निर्देश दिए की पोस्टर बैनर लगाकर शहर का सौंदर्यीकरण खराब करने वालो के खिलाफ एफआईआर करने और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्रवाई करने के लिए नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को बारिश से खराब हुई सड़को की मरम्मत के संबंध में निर्देश दिए।

